मध्यप्रदेश
दैनिक भास्कर, इंदौर, बुधवार, 9 सितंबर, 2015

वर्कशॉप में साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते आईजी कपूर।

डिजिटल लर्निंग वर्कशॉप में बताया कैसे बचें साइबर अपराध से

भास्कर संवाददाता | इंदौर

सूचना प्रौद्योगिक विकास परिषद के तत्वावधान में अभिव्यक्ति में डिजिटल लर्निंग वर्कशॉप 'आईटी स्मार्ट लेडी' का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के डायरेक्टर और आईजी वरुण कपूर साइबर अपराध व उनसे बचने के उपाय बताए।

इसके अतिरिक्त सोशल नेटवर्किंग का सुरक्षित उपयोग व पासवर्ड सुरक्षित रखने, साइबर स्टॉकिंग, बुलिंग आदि की जानकारी दी। कार्यशाला में 55 सदस्यों ने भाग लिया। इसमें सूचना प्रौद्योगिक विकास परिषद के इंदौर शाखा के प्रेसीडेंट प्रोफेसर राकेश चोपड़ा एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे। परिषद की ओर से कपूर को प्रशंसा पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।